रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एस.)-72 REGISTERED No. D. (D.N.) 72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 235] नई दिल्ली, बुधवार, अक्तूबर 15, 1986/आश्विन 23, 1908
No. 235] NEW DELHI, WEDNESDAY, OCTOBER 15, 1986/ASVINA 23, 1908

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मंत्रालय

आयात व्यापार नियंत्रण

सार्वजनिक सूचना सं० 126—आईटीसी (पी एन) 85/86

नई दिल्ली, 15 अक्तूबर, 1986

विषय :—1986-87 के लिए डी एम 35 मिलियन के पश्चिमी जर्मन पूंजीगत माल क्रेडिट के अधीन आयात के लिए लाइसेंसिंग शर्तें।

फाइल सं. आईपीसी/23/(11)/84-85 :—पश्चिमी जर्मन पूंजीगत माल क्रेडिट के अधीन आयात को नियंत्रित करने वाले नियम एवं शर्तें जो इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट में दी गई हैं, सूचना के लिए अधिसूचित की जाती हैं।

राजीव लोचन मिश्र, मुख्य नियंत्रक, आयात एवं निर्यात

परिशिष्ट

1986-87 के डी एम 35 मिलियन, के पश्चिमी जर्मनी पूंजीगत माल क्रेडिट के अंतर्गत जारी किए गए आयात लाइसेंसों के लिए लागू शर्तें।

1. (1) जिस मामले में पूंजीगत माल समिति द्वारा अनुमोदित आबंटन का मूल्य 2 मिलियन डी एम के तुल्य रुपए से अधिक होता है (सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के खंड-15 के अंतर्गत राजस्व) (सीमा शुल्क) विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर निश्चित करके तुल्य रुपया उसमें आबंटन के लिए प. जर्मनी के प्राधिकारियों (क्रेडिटान्स्टाल्ट फर वी डॉपनाऊ (केएफडब्ल्यू) की पूर्व सहमति आवश्यक है, और यह सहमति भारतीय आयातक द्वारा अनुबंध-1 के प्रपत्र में दिए गए परियोजना आंकड़ों के आधार पर वार्षिक कार्य विभाग द्वारा प्राप्त की जाएगी। जब तक पश्चिमी जर्मनी के प्राधिकारियों से सहमति वार्षिक कार्य विभाग द्वारा लाइसेंस प्राधिकारियों (मुख्य नियंत्रक, आयातनियोत) को नहीं भेज दी जाती है तब तक भारतीय आयातक को कोई भी आयात लाइसेंस जारी नहीं किया जा सकता है।

1. (2) लाइसेंस पर "1986-87 के लिए 35 मिलियन डी एम पश्चिमी जर्मनी पूंजीगत माल क्रेडिट" अभिलेख अंकित किया जाएगा।

प्रथम और द्वितीय प्रत्यय के लाइसेंस संकेत "एल/जीएन" होंगे। ये मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के आयात लाइसेंस को अग्रेषित करने वाले पत्र में भी दुहराए जाएंगे।

1. (3) बैंक खर्चे जो सामान्य बैंक प्रणाली के माध्यम से प्रेषित किए जा सकते हैं, के अतिरिक्त आयात लाइसेंस के प्रति विदेशी मुद्रा के किसी धन प्रेषण की अनुमति नहीं दी जाएगी। भारतीय एजेन्ट का कमीशन, यदि कोई होगा, तो उसके भुगतान एजेंटों को भारत में भारतीय रुपए में करने चाहिए, लेकिन ऐसा भुगतान लाइसेंस मूल्य का ही भाग होगा और इसलिए लाइसेंस पर ही प्रभारित किया जाएगा।

1. (4) इस आयात लाइसेंस के अधीन अधिप्राप्त किए जाने वाले माल और संबंधित सेवाएं केवल बर्लिन लैण्ड सहित जर्मनी गणतंत्र संघ से आयात किए जा सकते हैं।

1. (5) निम्न न्यूनतम और अधिकतम राशि जिसके लिए इस क्रेडिट के अधीन एक आयात लाइसेंस जारी किया जा सकता है वह क्रमशः 30,000 डीएम और 7,000,000 डीएम के रुपए के बराबर है लेकिन विशिष्ट मामलों में, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा अधिकतम सीमा में 10,000,000 डीएम तक ढील दी जा सकती है [राजस्व (सीमा शुल्क) विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर गिनकर तुल्य (रुपया) मुद्रा विनिमय की यह दर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना सं. 78-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 6 जून, 74 के अनुसार आयात लाइसेंस में निर्दिष्ट होनी चाहिए।]

1. (6) लेकिन आयात लाइसेंस लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर 24 महीने या नीचे पैरा 2(12) में यथा निर्दिष्ट पोतलदान की अन्तिम तिथि इनमें जो भी कम हो उस तक की प्रारम्भिक वैधता अवधि के साथ इस शर्त के अधीन जारी किया जाएगा कि आयात लाइसेंस की न्यूनतम वैधता जारी होने की अन्तिम तिथि से 12 महीने होगी।

1. (7) पक्के आदेश (जिसका अर्थ है भारतीय लाइसेंसधारी द्वारा विदेशी संभरक को क्रय आदेश और विदेशी संभरक दोनों के द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित क्रय संविदा) आयात लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 4 महीनों की अवधि के भीतर ही अवश्य निर्गत हो जाने चाहिए) देखिए नीचे का पैरा 1(9)। तदनुसार संभरकों के भारतीय अभिकर्ताओं को आदेश और/या ऐसे भारतीय अभिकर्ताओं द्वारा पुष्टि आदेश स्वीकार्य नहीं है।

1. (8) यदि उपर्युक्त पैरा 1(7) में यथा उल्लिखित पक्के आदेश चार महीनों की समय सीमा के भीतर निर्गत नहीं किए जा सकते हैं तो लाइसेंसधारी को आदेश देने की अवधि में वृद्धि मांगते हुए एक प्रस्ताव मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (सीसीआई एंड ई) को या अन्य लाइसेंस प्राधिकारी को जैसा भी मामला हो, इस बात का औचित्य और स्पष्टीकरण देते हुए प्रस्तुत करना चाहिए कि प्रारम्भिक वैधता अवधि के भीतर आदेश क्यों नहीं दिये जा सके। आदेश देने के अवधि में वृद्धि के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारी के द्वारा गुणावगुण के आधार पर विचार किया जाएगा जो अधिक से अधिक 4 महीने की और अवधि तक वृद्धि प्रदान कर सकता है। लेकिन, यदि वृद्धि आयात लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 8 महीनों से अधिक मांगी जाती है तो ऐसे प्रस्ताव लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा निश्चयात्मक रूप से आर्थिक कार्य विभाग (ईईसी-1 अनुभाग) वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे जो ऐसी वृद्धि प्रत्येक मामले का गुणवत्ता के आधार पर विचार करेंगे और अपने निर्णय को लाइसेंस प्राधिकारियों को लाइसेंसधारी की सूचना के लिये भेजेंगे केवल लाइसेंस प्राधिकारी वृद्धि या मंजूरी प्रदान करने वाले केवल ऐसे पत्र लाइसेंसधारी द्वारा प्रस्तुत करने पर ही विदेशी मुद्रा की प्राधिकृत व्यापारी और विभागीय प्राधिकारी बैंक गारंटी, साख पत्र स्थापित करने के लिए प्राधिकार पत्र, तुल्य रुपए जमा करने की स्वीकृति आदि की सुविधा की अनुमति देंगे।

1. (9) लाइसेंसधारी को अपने हित के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि पक्के आदेश देने की निर्धारित अवधि के भीतर पक्के आदेश वास्तविक रूप से दिया जाता है। जिन मामलों में इस बात का सुनिश्चय नहीं किया जा सकता, उनमें लाइसेंसधारी को पक्के आदेश देने की अवधि में उचित वृद्धि के लिए लाइसेंस प्राधिकारियों से सम्पर्क करना चाहिए। विदेशी मुद्रा विनिमय के प्राधिकृत व्यापारी/सम्बद्ध विभागीय प्राधिकारी इस बात का सुनिश्चय करने के लिए आवश्यक जांच करेंगे कि लाइसेंसधारी 4 महीनों के भीतर आदेश देने की शर्तों का पालन करता है।

1. (10) जिन मामलों में लाइसेंस की प्रारम्भिक वैधता अवधि के दौरान लाइसेंस के पूर्ण मूल्य के लिए आदेश नहीं दिए गए हैं, उनमें लाइसेंसधारी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह लाइसेंस के आदेश न दिए गए ऐसे शेष मूल्य के लिए आदेश देने से पहले उपर्युक्त पैरा (3) में यथा उल्लिखित तरीके से लाइसेंस प्राधिकारियों की अनुमति ले।

खण्ड 2:—क्रय संविदाएं निर्गत करते समय ध्यान में रखे जाने वाली विशेष बातें।

2. (1) संविदा कीमत जर्मनी संघीय गणराज्य की मुद्रा में अभिव्यक्त होनी चाहिए। संविदा कीमत निश्चित और अन्तिम होनी चाहिए और किसी भी वृद्धि के लिए किसी भी उपबन्ध की अनुमति नहीं होगी। यदि विदेशी संभरक के किसी भारतीय एजेंट को कोई कमीशन चुकाया जाना है तो वह भारत के भारतीय रुपए में देय अलग मद के रूप में संविदा में अलग से दर्शाया किया जाना चाहिए और इसलिए विदेशी संभरक का विदेशी मुद्रा में देय कुल धनराशि भारतीय एजेंट के ऐसे कमीशन से अलग दर्शित होना चाहिए। आयात लाइसेंस के आधार पर जिस मूल्य तक क्रय आदेश दिए जा सकते हैं, उस मूल्य को विदेशी मूल्य की विदेशी मुद्रा में नामांकित करने के लिए आयात लाइसेंस का मूल्य सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के खंड 15 के अंतर्गत राजस्व विभाग (सीमा शुल्क) द्वारा अधिसूचित की गई और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना सं. 78-आईटीसी (पीएन)/74, दिनांक 6 जून, 1974 के पैरा-2 में निर्दिष्ट मुद्रा विनिमय की दर पर परिकलित किया जाना चाहिए।

2. (2) निजी क्षेत्र आयातकों के मामले में संभरण आदेश या तो लागत-बीमा-भाड़ा या लागत और भाड़ा आधार पर दिए जाने चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र के आयातकों के मामलों में आदेश केवल लागत और भाड़ा के आधार पर किए जाने चाहिए।

2. (3) यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि आयात लाइसेंस के अधीन क्रय संविदाएं विदेशी संभरकों से तुलनात्मक बोलियां प्राप्त करने के बाद करनी चाहिए।

2. (4) अर्हक संविदा के लिए न्यूनतम मूल्य:—बशर्ते कि एक आयात लाइसेंस के अधीन क्रय संविदा का समस्त मूल्य 30,000 डीएम से कम न हो। आयातक के लिए यह स्वीकृति है कि वह 30,000 डीएम से कम या 30,000 डीएम के बराबर अलग-अलग संविदाएं करें। किन्तु एक आयात लाइसेंस के अधीन उन क्रय संविदाओं के मामले में जिनका मूल्य डीएम 2 मिलियन के बराबर से अधिक नहीं होगा तो यह नीचे की कंडिका 2(13) में निर्धारित शर्त के अधीन है।

2. (5क) आयात लाइसेंस के अंतर्गत क्रय संविदाओं का भारत सरकार और क्रेडिटान्सटाल्ट फार वीडेराफबाउ (केएफडब्ल्यू) (पश्चिमी जर्मनी विकास बैंक जिसके माध्यम से 25 मिलियन डीएम का पूंजीगत

माल क्रेडिट उपलब्ध किया जाता है) द्वारा विशेष रूप से अनुमोदित किया जाना आवश्यक है और इसलिए क्रय संविदा में इस सम्बन्ध में एक विशेष धारा समाविष्ट करनी चाहिए।

(ख) एक आयात लाइसेंस के प्रति की गई ऐसी संविदा जिसका मूल्य विभाग डी एम 2 मिलियन के बराबर रुपये या इससे कम हो (राजस्व "सीमा शुल्क") विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर संगणित, के मामले में संविदाओं के अनुमोदन की सूचना विशेषतया आयातक को नहीं दी जाएगी। आयातक को सूचना देते हुए वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा के एफ डब्ल्यू के एक बार ही संविदा दस्तावेज भेज देने पर आयातक उसी रूप में आगे कार्रवाई कर सकता है जैसा कि के एफ डब्ल्यू द्वारा संविदा अनुमोदित कर दी गई हो और यह कार्रवाई तब तक कर सकता है जब तक कि के एफ डब्ल्यू कोई आपत्ति नहीं करता। के एफ डब्ल्यू कोई आपत्ति करेगा तो वह सही ढंग से आयातक को सूचित कर दी जाएगी।

(ग) आयात लाइसेंस के प्रति की गई ऐसी संविदा जिसका मूल्य डी एम 2 मिलियन के बराबर रुपए की धनराशि से अधिक हो (राजस्व "सीमा शुल्क" विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर संगणित) के मामले में पहले भारत सरकार, वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग द्वारा के एफ डब्ल्यू से अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा और यह अनुमोदन विशेष रूप से भारतीय आयातक को भेजा जाएगा और जब तक यह ऐसा न हो तब तक संविदाएं अंतिम समझी जानी चाहिए। इस कार्य के लिए एक पत्रावली (तीन प्रतियों में) के साथ क्रय संविदा की तीन प्रतियां इस संबंध में भारतीय आयातक द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (ईईसी-1) अनुभाग कमरा नं. 69 नार्थ ब्लाक को क्रय संविदा के निर्गत होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर भेजी जानी आवश्यक है कि विदेशी संभरकों से तुलनात्मक बोलियां प्राप्त करने के बाद ही आदेश दिए गए हैं।

2. (6) जिन मामलों में संविदा लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर की गई है और विदेशी संभरक तदनुसार जहाजी बीमा प्राप्त करता है, उसमें विदेशी संभरक को स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में बीमा प्राप्त करने की व्यवस्था करनी चाहिए और संबद्ध बीमा कंपनी से इस संबंध में एक वचनपत्र प्राप्त करना चाहिए कि यदि कोई बीमा धनराशि को भुगतान करना पड़ा तो वह डी एम में सीधे के एफ डब्ल्यू को किया जाएगा। (ड्यूशे बन्डेस बैंक फैंकफर्ट/मेन को लेखा सं. 50409100)।

2. (7) जिन मामलों में संविदाएं लागत और भाड़ा के आधार पर की गई है उनमें जहाजी बीमा किसी भारतीय बीमा कम्पनी के साथ करना चाहिए और तदनुसार बीमा किस्त भारतीय रुपए में चुकानी चाहिए। लेकिन आयातक को भारतीय बीमा कम्पनी से निम्नलिखित वचनपत्र प्राप्त करना चाहिए और उसको संविदा दस्तावेजों के साथ आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय (ईईसी-1 अनुभाग) को भेजना चाहिए :—

"हम किसी भी उस प्रतिस्थापन के लिए सम्बन्धित संभरकों को के एफ डब्ल्यू के माध्यम से विदेशी मुद्रा में धन प्रेषण करेंगे जिसकी आवश्यकता माल की हानि या टूट-फूट के लिए हो सकती है।"

2. (8) चूंकि संविदाएं उपर्युक्त पैरा 2(2) के अनुसार या तो लागत बीमा भाड़ा के आधार पर या लागत और भाड़ा के आधार पर करना आवश्यक है, इसलिए चाहे भारतीय जहाज भी क्यों न उपयोग किए गए हों फिर भी विदेशी मुद्रा में भाड़ा खर्चा चुकाने के लिए विदेशी संभरक को उत्तरदायी बनाना चाहिए। भाड़ा खर्चा किसी भी परिस्थिति में भारतीय रुपए में चुकाना चाहिए।

2. (9) लाइसेंस के प्रति विदेशी संभरकों को भुगतान नीचे खण्ड 3 में यथा उल्लिखित विशेष साखपत्र के माध्यम से किए जाएंगे और इस कार्य के लिए आयात लाइसेंस के प्रति धन प्रेषण की किसी भी सुविधा की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. (10) आयात लाइसेंस के आधार पर खरीदे गए माल के परिवहन का जहां तक संबंध है, इस विषय में क्रय संविदा के अधीन माल के पोतलदान की व्यवस्था करने के लिए उत्तरदायी पार्टी ही वाहनों को चुनने के लिए स्वतंत्र होगी। पोतलदान जिस देश में संभरक रहते हैं वहां से या तीसरे देश से किया जा सकता है।

2. (11) बर्लिन लैंड सहित जर्मनी गणतंत्र संघ से खरीद के मामले में जिन संविदाओं का मूल्य डी एम 1 मिलियन से अधिक है। उनके लिए संभारित किए गए माल के निष्पादन के संबंध में विदेशी संभरक द्वारा निष्पादन गारंटी को प्रस्तुत करने के लिए क्रय संविदाओं में व्यवस्था होनी चाहिए। इसमें आदेश मूल्य का 10 प्रतिशत भी होना चाहिए। प्राधिकार पत्र जारी करने का अनुरोध करने के लिए संविदा दस्तावेज प्रस्तुत करने पर अनुबंध 4 के प्रपत्र में निष्पादन गारंटी ईईसी 1 अनुभाग को प्रस्तुत की जानी चाहिए। (अन्य संविदाओं के मामले में अर्थात् उन संविदाओं के लिए जिनका मूल्य उपर्युक्त निर्दिष्ट सीमा से कम है, भारतीय आयातक इस प्रश्न का निश्चय करने के लिए स्वतंत्र है कि उसे विदेशी संभरक से निष्पादन गारंटी की आवश्यकता है या नहीं) लेकिन, भारतीय आयातक को यह सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि निष्पादन गारंटी से उत्पन्न यदि कोई भुगतान विदेशी संभरक से उसको देय हो तो उसका कगरकेडिटान्सटाल्ठ पर बीड़ोफ्नाड (ड्यूटेश बुन्डेस बैंक फ्रैंकफर्ट/मैन लेखा सं. 50409100 से सीधे किया जाना चाहिए।

2. (12) आयात लाइसेंस के अधीन विदेशी संभरकों को भुगतान 31 दिसम्बर, 1939 तक पूर्ण हो जाने चाहिए। इसलिए क्रय आदेश/संविदाओं में पोतलदानों को पूर्ण करने और 31 दिसम्बर, 1989 तक भुगतान करने का सुनिश्चय करने के लिए उचित उपबन्ध होना चाहिए। यदि किसी मामले में यह आशा की जाती है कि भुगतान उस तिथि तक पूर्ण नहीं किए जा सकते है तो पर्याप्त औचित्य देते हुए आर्थिक कार्य विभाग (सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, यू सी ओ बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली) से समय वृद्धि के लिए 31 अक्तूबर, 1989 तक आवेदन करना चाहिए। ऐसे आवेदनों पर गुणावगुण के आधार पर विचार किया जाएगा।

2. (13) जिन आयात लाइसेंसों का मूल्य डी एम 2 मिलियन के बराबर रुपए से अधिक नहीं होता है, उनके मामले में भारतीय आयातक द्वारा क्रय संविदाएं आर्थिक कार्य विभाग को एक ही बार में प्रस्तुत करना आवश्यक है। संविदाओं को खंडों में प्रस्तुत करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में उपर्युक्त पैरा 2(4) में वर्णित अर्हक संविदाओं के लिए न्यूनतम मूल्य ध्यान में रखना चाहिए।

खण्ड-3 विदेशी संभरकों को भुगतान "विशेष" साखपत्र क्रियाविधि।

3. (1) प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए आवेदन पत्र :—जिस आयात लाइसेंस का कुल मूल्य डी एम 2 मिलियन के बराबर रुपए से अधिक नहीं होता (राजस्व सीमा शुल्क विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर) उसके प्रति संभरकों के साथ क्रय संविदाएं निर्णीत हो जाने के 15 दिनों के भीतर या जिस आयात लाइसेंस का मूल्य डी एम 2 मिलियन के बराबर रुपए के अधिक होता है (राजस्व "सीमा शुल्क" विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर) उसके प्रति की गई संविदाओं के के. एफ. डब्ल्यू. के अनुमोदन की सूचना देते हुए भारत सरकार के पत्र देखिए उपर्युक्त पैरा 2(5)(ग) की तिथि से 15 दिनों के भीतर इनमें से जो भी मामला हो, उसमें लाइसेंसधारी सम्बद्ध विदेशी संभरक के पक्ष में एक अपरिवर्तनीय साखपत्र के लिए प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, ईईसी-1 अनुभाग नार्थ ब्लाक,

(कमरा नं. 69) नई दिल्ली को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करेगा :—

(क) जिस आयात लाइसेंसों का मूल्य डी एम 2 मिलियन के मूल्य रुपए से अधिक नहीं होता उनके लिए की गई संविदाओं के संबंध में :—

(1) क्रय आदेश की तीन प्रतियां, और विदेशी संभरकों द्वारा क्रय आदेश के पुष्टिकरण की तीन प्रतियां जो क्रमशः आयातक एवं संभरक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित हों या उनकी फोटो प्रतियां साक्ष्यांकित प्रतियां या भारतीय अधिकर्ताओं को दिए गए आदेश और ऐसे अधिकर्ताओं द्वारा की गई पुष्टि स्वीकार्य नहीं है ।

या

क्रय संविदा की तीन प्रतियां जो भारतीय आयातक और विदेशी संभरक दोनों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित हों या उनकी फोटो प्रतियां भारतीय अधिकर्ताओं को दिए गए आदेश की साक्ष्यांकित प्रतियां और ऐसे अधिकर्ताओं द्वारा की गई पुष्टि अस्वीकार्य है ।

(2) अनुबंध-2 में निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए आवेदन पत्र (तीन प्रतियां) ।

(3) विदेशी मुद्रा का व्यापार करने वाले प्राधिकृत एक भारतीय बैंक से अनुबंध-3 के रूप में निर्धारित प्रपत्र में एक बैंक गारंटी (सार्वजनिक क्षेत्र के आयातों के मामले में लागू नहीं) जो कि स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 31 के अनुसार स्टाम्प समाहर्ता द्वारा विधिवत न्याय निर्णीत हो ।

(4) लागत और भाड़ा संविदा के मामले में भारतीय बीमा कंपनी के बचनपत्र की तीन प्रतियां देखिए उपर्युक्त पैरा 2(1)

(5) इस संबंध में तीन प्रतियों में प्रमाणपत्र की विदेशी संभरकों से तुलनात्मक बोलियां प्राप्त करने के बाद आदेश दिए गए हैं, देखिए उपर्युक्त पैरा 2 (3)

(6) इस संबंध में एक प्रमाणपत्र कि लाइसेंस के अधीन आगे कोई भी संविदा नहीं की जाएगी, देखिए उपर्युक्त पैरा 2(13)

(ख) जिस आयात लाइसेंस का मूल्य डी एम 2 मिलियन के मूल्य रुपए से अधिक होता है उसमें दी गई संविदाओं के सम्बन्ध में :—

पहले भेजे गए संविदा दस्तावेजों (जिनके संबंध में के. एफ. डब्ल्यू. का अनुमोदन वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा प्राप्त किया जाएगा) देखिए उपर्युक्त पैरा 2(5) (ग), अतिरिक्त निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे :—

(1) अनुबंध-2 में निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए एक आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) ।

(2) विदेशी मुद्रा का व्यापार करने के लिए प्राधिकृत एक भारतीय बैंक से अनुबंध-3 में निर्धारित प्रपत्र में एक बैंक गारंटी (सार्वजनिक क्षेत्र के आयातकों के मामले में लागू नहीं) जो कि स्टाम्प अधिनियम 1899 की धारा 31 के अनुसार स्टाम्प समाहर्ता द्वारा विधिवत् न्यायनिर्णीत हो ।

(3) लागत और भाड़ा संविदा के मामले में भारतीय बीमा कंपनी से बचनपत्र की तीन प्रतियां, देखिए उपर्युक्त पैरा 2(7) ।

3. (2) यह स्पष्ट किया जाता है कि सार्वजनिक क्षेत्र के आयातकों के मामले में किसी भी बैंक गारंटी की आवश्यकता नहीं है ।

3. (3) साख पत्र खोलना

साख पत्र इस प्रयोजन के लिए पश्चिम जर्मन में मनोनीत निम्नलिखित दस बैंकों में से किसी एक बैंक में प्राधिकार पत्र के बल पर खोला जा सकता है :—

(1) स्टेट बैंक आफ इंडिया, फ्रैंकफर्ट ।

(2) दि बेयरिये डेरिस बैंक, म्युनिख ।

(3) दि कामर्स बैंक, ए. जी. फ्रैंकफर्ट ।

(4) दि ड्यूत्शे बैंक, ए. जी. हैम्बर्ग ।

(5) दि डेरडनर बैंक, ए. जी. गालसेगेलोज 7-8, 6, फ्रैंकफर्ट/मेन-1

(6) बर्लिनर हेन्डिस गेसल शेफ्ट, फ्रैंकफर्ट बैंक ।

(7) वैरिन्स एण्ड वैस्ट बैंक, हेम्बर्ग ।

(8) बैंक फार जीमियन्स रिट्सकाप्ट (बी एफ जी)

(9) बर्लिनर बैंक, एक्टिनजैसेलचैफ्ट, ए. जी. बर्लिन ।

(10) यूरोपियन एशियन बैंक ए. जी., हेमबर्ग ।

आयातकों (सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र दोनों के) और उनके बैंकरों की उपर्युक्त पैरा (3) में उल्लिखित नौ बैंकों में से उनके द्वारा चुने गए जर्मनी के बैंक को विशेष रूप से निर्दिष्ट करना चाहिए ।

3. (4)—(क) जिस आयात लाइसेंस का मूल्य डी एम 2 मिलियन के बराबर रुपया या इससे कम है उसके प्रति आदेशों के मामले में पक्के आदेश देने की तिथि से या

(ख) जिस आयात लाइसेंस का मूल्य डी एम 2 मिलियन के बराबर रुपए से अधिक है उसके प्रति संविदा के मामले में वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा संविदा के अनुमोदन के पत्र की तिथि से ऋण इनमें जो भी मामला हो उसमें 15 दिनों के भीतर प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए आवेदन करने में असफल रहने पर आयात नियंत्रण विनियमों का उल्लंघन समझा जाए ।

3. (5) बैंक गारंटी—वह धनराशि जिसके लिए यह निष्पादित करनी चाहिए ।

जहां कहीं आवश्यक हो, बैंक गारंटी (संविदा के पूर्ण मूल्य के लिए एक बैंक गारंटी) जिस धनराशि के लिए विदेशी मुद्रा/साखपत्र मांगा गया है उसके तुल्य रुपये के द्योतक धनराशि के लिए प्रासंगिक तथा बचनबद्धता खर्चों और इसके अतिरिक्त ब्याज तथा अनुबंध-5 में यथा उल्लिखित अन्य खर्चों के लिए इस धनराशि के एक प्रतिशत के लिए होनी चाहिए। परिवहन की प्रचलित दर सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के खंड-15 के अंतर्गत राजस्व (सीमा शुल्क) विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय दर आयात लाइसेंस में निर्दिष्ट दर होगी। इस दर का तात्पर्य केवल आयातक द्वारा भेजी जाने वाली बैंक गारंटी का मूल्य निकालने के लिए है । लाइसेंस के अधीन किए गए आयातों को विदेशी मुद्रा लागत के प्रति सरकारी लेखे में रुपया विनिक्षेप करने के लिए तुल्य रुपए की गणना विदेशी संभरक को भुगतान की व्यवस्था करते समय जर्मन बैंक द्वारा खर्च की गई डी एम धनराशि के लिए निश्चित दर पर करनी होगी अर्थात् या तो डी एम में, यदि विदेशी संभरक पश्चिमी (बर्लिन सैण्ड सहित) में रहता है या समय-समय पर यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 15-आईटीसीपीएन72 दिनांक 28-1-72, सार्वजनिक सूचना सं. 108-आई टी सी (पी एन)/72, दिनांक 21-7-72 और 8-आई टी सी (पी एन)/76, दिनांक 17-1-76 के अनुसार किसी अन्य देश जिसमें विदेशी संभरक रहता है, की मुद्रा में भुगतान को प्रभावी करने के लिए डी एम धनराशि में भाग नोटिस जारी होने तक इस संबंध में जब और जैसे ही कोई परिवर्तन आवश्यक होगा अधिसूचित कर दिया जाएगा ।

3. (6) प्राधिकार पत्र जारी करना :—

यदि उपर्युक्त पैरा 3(1) में निर्दिष्ट दस्तावेज नहीं पाए जाएंगे तो पश्चिम जर्मनी में नामिक वाणिज्य बैंक में आयातक का भारतीय बैंक

द्वारा खोले जाने वाले "विशेष" साखपत्र के आधार पर विदेशी संभरकों को निर्धारित धनराशि तक भुगतान करने के लिए प्राधिकृत करते हुए वित्त मंत्रालय (लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक), आर्थिक कार्य विभाग, यू सी ओ बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली, पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्यक को एक प्राधिकारपत्र (अनुबंध-6 के अनुसार) जारी करेगा। ऐसे प्राधिकार पत्र की एक प्रति भारतीय लाइसेंसधारी को भेजी जाएगी। मूल प्राधिकार पत्र की एक प्रति के साथ साखपत्र खोलने के लिए प्राधिकृत सम्बद्ध भारतीय बैंक को इसके द्वारा खोले गए साखपत्र के साथ मूल प्राधिकार पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्यक बैंक को भेजने के लिए आदेश देते हुए भेजा जाएगा। (ऐसा निदेशन अनुबंध-5 के अनुसार होगा) इसकी एक प्रति आयातक को भी भेजी जाएगी।

जब तक इस कंडिका में यथा उल्लिखित प्राधिकारपत्र भारतीय बैंक ने सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय से सीधे प्राप्त न कर लिया हो तब तक भारत के किसी भी बैंक को साखपत्र स्थापित करने के लिए लाइसेंस धारी को सुविधाएं प्रदान नहीं करनी चाहिए।

3. (7) पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्यक बैंक में "विशेष" साखपत्र प्राधिकारपत्र जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू सी ओ बैंक बिल्डिंग पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को सूचना देते हुए खोला जाना चाहिए। अन्यथा पहले ही जारी किया गया प्राधिकार पर वैध नहीं समझा जाएगा।

3. (8) अपेक्षित दस्तावेजों और विवरण पत्रों को एकत्र करने पर पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्यक बैंक द्वारा विदेशी संभरकों को भुगतान किए जाएंगे। पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्यक बैंक पश्चिम जर्मन प्राधिकारियों से डी एम धनराशि की प्रतिपूर्ति प्राप्त करेगा।

3. (9) जर्मनी गणतंत्र संघ में भुगतान के लिए बैंक द्वारा किए गए आनुषंगिक बैंक खर्चे जिस मामले में भी लागू होंगे वे भारत के सम्बद्ध बैंक द्वारा जर्मन बैंक को सामान्य बैंक प्रणाली से भारत सरकार के लेखे को प्रभावित किए बिना प्रेषत किए जाएंगे।

खंड-4 सरकार के लेखे में रुपया जमा करने के लिए उत्तरदायित्व

4. (1) बर्लिन लैंड सहित पश्चिमी जर्मनी से और अन्य देशों से आयातों के दोनों मामलों में पश्चिम जर्मन के नामित वाणिज्यक बैंक द्वारा मूल लदान दस्तावेज भारत में सम्बद्ध बैंक को भेजने चाहिए। दस्तावजों की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर इन परक्राम्य दस्तावजों के सेट को लाइसेंसधारी को केवल इस बात का सुनिश्चय करने के बाद देगा कि नामित वाणिज्य बैंक द्वारा जर्मनी के संभरकों को चुकाई गई डी एम धनराशि के बराबर रुपया या जर्मनी के सम्बद्ध बैंक द्वारा तीसर देश में संभरक को भुगतान करने की व्यवस्था करने में खर्च की गई डी एम धनराशि और इसका एक प्रतिशत आनुषंगिक का और बकनउद्धता खर्चों के लिए और विदेशी संभरक को भुगतान करने की तिथि से या के. एफ. डब्ल्यू. द्वारा पदनामित बैंक की प्रतिपूर्ति की तिथि इनमें जो भी पहले हो से सरकार के लेखे में तुल्य रुपया जमा करने की तिथि तक (दोनों दिन मिलाकर) की अवधि के लिए उपर्युक्त कुल धनराशि ब्याज खर्चे आयातक से प्राप्त कर लिए जाते हैं और सरकारी लेखों में जमा किए गए हैं। सार्वजनिक सूचना सं. 31-आई टी सी (पी एन)/83, दिनांक 10-8-83 के अनुसार ब्याज खर्चे की गणना निम्नलिखित अनुसार की जाएगी, 1 सितम्बर, 1983 को या उसके बाद सरकारी लेखों में जमा करने की दर :—

(1) जहां संभरक को भुगतान की तिथि से 30 दिनों के भीतर 12 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से निक्षेप किए जाते हैं या के. एफ. डब्ल्यू. द्वारा नामित बैंक की प्रतिपूर्ति की तिथि पहले हो, इनमें जो भी पहले हो।

(2) जहां संभरक को भुगतान की तिथि से 30 दिनों के भीतर रुपया निक्षेप किया जाता है या के० एफ० डब्ल्यू० द्वारा नामित बैंक को प्रतिपूर्ति की तिथि इनमें जो भी पहले हो।

(क) पहले 30 दिनों के लिए — 12 प्रतिशत प्रति वर्ष

(ख) 30 दिनों से अधिक अवधि के लिए — 18 प्रतिशत

विदेशी संभरकों को विदेशी मुद्रा के तुल्य रुपए में किए गए भुगतान की गणना के लिए अपनाई जाने वाली विनिमय दर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचना सं. 8-आई टी सी (पी एन)/76, दिनांक 17-1-76 में यथा निर्धारित मिली-जुली दर होगी या समय-समय पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से या रिजर्व बैंक आफ इंडिया के मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से सरकार द्वारा अधिसूचित की जाने वाली दर हो सकती है। भारतीय सम्बद्ध बैंक की यह जिम्मेदारी होगी कि आयातकों को मूल पोतलदान दस्तावजों के सौंपने से पूर्व यह सुनिश्चय कराए कि देय धनराशि ठीक प्रकार से सरकारी लेखे में जमा करा दी गई है। लाइसेंसधारी को यह भी सुनिश्चय करना चाहिए कि उनके बैंकरों से दस्तावजों को लेने से पूर्व सरकारी लेखे में देय धनराशि ठीक प्रकार से जमा करा दी गई है।

4. (2) उपर्युक्त 4 (1) में विचार किए गए निक्षेपों की धनराशि या तो रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी दिल्ली में नकद जमा की जा सकती है या यदि यह सुविधाजनक हो तो वह धनराशि अभिकर्ता स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी, दिल्ली-7 के नाम डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से सार्वजनिक सूचना सं. 74-आई. टी. सी. (पी एन)/74, दिनांक 31 मई, 74 और सार्वजनिक सूचना सं. 132-आई. टी. सी. (पी एन)/71, दिनांक 5 अक्तूबर, 71 द्वारा तथा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं. 233-आई. टी. सी. (पी एन) /68-दिनांक 24 अक्तूबर, 68 के अनुसार अपेक्षित सरकारी लेखे में जमा करने के लिए प्रेषित की जा सकती है। धनराशि जमा करने के लिए लेखा शीर्षक "के डिपोजिट्स एण्ड एडवान्सिज-बी" डिपाजिट्स नोट बियरिंग इन्ट्रस्ट-843 सिविल डिपोजिट्स, डिपोजिट्स फार परचेजिज सक्सेट्रा एब्रोड डायरेक्ट पेमेन्ट प्रोसीजर डिपोजिट्स फार फोस्ट आफ सप्लाइज एण्ड इक्विपमेंट ओबटेंड अंडर दि वैस्ट जर्मन कैपिटल गुडस क्रेडिट 19 फार 1986-87 (डी एम 35 मिलियन क्रेडिट)।

4. (3) धन परेषण सार्वजनिक सूचना सं. 74-आई. टी. सी. (पी एन)/74, दिनांक 31-4-74 में निर्धारित किए गए चालान प्रपत्र द्वारा जारी किए जाएंगे।

4. (4) रिजर्व बैंक आफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी, दिल्ली-6 से चालान की एक प्रति या स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी, दिल्ली-6 की डिमाण्ड ड्राफ्ट प्रस्तुत करने के संबंध में सूचना जिस भारतीय बैंक ने गारंटी जारी की है उसके द्वारा सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू. सी. ओ. बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को पश्चिमी जर्मनी के नामित बैंक से प्राप्त की गई सूचना टिप्पणियों का पूर्ण ब्यौरा देते हुए अग्रेषण पत्र के साथ भेजी जाएगी।

4. (5) केवल प्राधिकृत व्यापारियों के माध्यम से अपेक्षित रुपया जमा करने और सार्वजनिक सूचना सं. 184-आई. टी. सी. (पी एन)/68, दिनांक 30 अगस्त, 1968 के अनुसार उन्हीं से लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति भी पृष्ठांकित कराना आयातकों के लिए अनिवार्य होगा। उन्हें रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा यथा निर्धारित अपेक्षित "एस" प्रपत्र भी भरना चाहिए।

4. (6) एक लाइसेंस के अधीन आयात पूर्ण कर लेने के बाद और देय सभी धनराशि आयातकों/बैंकरों द्वारा लेखे में जमा कर देने

और प्राप्त किए गए आयात माल और जमा किए गए रुपए के ब्यौरे सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, यू. सी. ओ. बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को अनुबंध-6 में यथा निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करने चाहिए जिससे कि वित्त मंत्रालय उनका सत्यापन करके जहाँ आवश्यक हो, आयातकों द्वारा प्रस्तुत की गई बैंक गारंटी को रिहा करने के लिए व्यवस्था कर सकें।

खंड-5 संविदा में परिवर्तन

संविदाओं की माल की सूची, शर्तों, या भुगतान की अनुसूची, माल के मूल्य आदि से संबंधित किसी भी महत्वपूर्ण परिवर्तन के लिए वित्त मंत्रालय और के. एफ. डब्ल्यू. प्राधिकारियों का अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होगा, इसके परिणाम स्वरूप चाहे भुगतान पहले करना पड़े या उसको स्थगित करना पड़े। आयातकों द्वारा उपर्युक्त पैरा 2 (5) में यथा उल्लिखित तरीके से भारत सरकार/के. एफ. डब्ल्यू. के अनुमोदन के लिए कार्यवाही हेतु ऐसे परिवर्तन की सूचना आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली, (ई. ई. सी.-1 अनुभाग, नार्थ ब्लाक) को तुरन्त देनी चाहिए।

खण्ड-6 रिपोर्ट भेजना

आदेश देने, माल की सुपुर्दगी, विदेशी संभरकों को भुगतान आदि को प्रदर्शित करते हुए लाइसेंस के जारी होने की तिथि से प्रारंभ करके अनुबंध-7 के अनुसार एक त्रैमासिक रिपोर्ट दो प्रतियों में वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (ई ई सी.-1 अनुभाग) कमरा नं. 69 नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए और इसको भेजना तब तक जारी रखना चाहिए जब तक कि संविदा के अधीन सभी पोतलदान और सभी भुगतान पूर्ण न कर लिए जाएं। डी एम 2 मिलियन के तुल्य रुपए (राजस्व शुल्क विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर) से अधिक के आबंटन के मामले में ऊपर उल्लिखित त्रैमासिक रिपोर्ट के अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष 30 जून और 31 दिसम्बर को अनुबंध-9 में निर्धारित प्रपत्र में एक अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट (दो प्रतियों में) भी यदि कोई विशेष घटना हो तो परियोजना की प्रगति पर और परियोजना का पूर्ण करने के लिए समय-समय अनुसूची के पालन पर प्रस्तुत करनी चाहिए और इसके साथ आयात करने वाली भारतीय कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट (दो प्रतियों में) भी जब तक परियोजना पूर्ण नहीं हो जाती कम से कम तीन वर्षों तक भेजना आवश्यक होगा।

खंड-7 विविध प्रावधान

7. (1) लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस में किसी भी ऐसी शर्त से संभरकों को अवगत कराना ही चाहिए जो लेन-देन का अनुपालन करने में संभरकों को प्रभावित करे।

7. (2) विवाद :—1 यह समझ लेना चाहिए कि भारतीय आयातक और विदेशी संभरक के बीच यदि कोई भी विवाद उठेगा तो भारत सरकार उसके लिए कोई भी उत्तरदायित्व नहीं लेगी।

7. (3) अनुदेशों का पालन : आयात लाइसेंस से संबंधित उसके कारण उठने वाले किसी एक या सभी मामलों के संबंध में के० एफ० डब्ल्यू० प्राधिकारियों के साथ 35 मिलियन डी.एम के पूंजीगत माल समझौते के अधीन सभी उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए किसी भी अनुदेश और आदेश का लाइसेंसधारी को तुरंत पालन करना होगा।

7. (4) अतिक्रमण या उल्लंघन : उपर्युक्त धाराओं में निर्धारित शर्तों का किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या उल्लंघन करने पर आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्यवाही की जायेगी।

7. (5) अनुबंधों की अनुसूची :

अनुबंध-1	परियोजना आंकड़ों का प्रपत्र
अनुबंध-2	प्राधिकार पत्र को जारी करने के लिए आवेदन का प्रपत्र
अनुबंध-3	बैंक गारंटी का प्रपत्र
अनुबंध-4	निष्पादन गारंटी का प्रपत्र
अनुबंध-5	प्राधिकार पत्र का प्रपत्र
अनुबंध-6	प्राधिकार पत्र को भेजने के लिए अनुदेशों का पत्र
अनुबंध-7	बैंक गारंटी की रिहाई के लिए रुपया निक्षेपों की रिपोर्ट व आवेदन पत्र का प्रपत्र
अनुबंध-8	त्रैमासिक रिपोर्ट, प्रस्तुत करने के लिए प्रपत्र
अनुबंध-9	(अर्द्धवार्षिक प्रगति रिपोर्ट का प्रपत्र) बीस लाख रुपए से अधिक के मामले के लिए लागू है।

अनुबंध—1

परियोजना आंकड़ा प्रपत्र

क्रेडिटएस्टाल्ट फार वाइडेरौफबौ

6, फ्रैंकफर्ट/मेन, जर्मनी संघीय गणराज्य पामेन-गार्टेनस्ट्रेसे 5-9

जर्मन पूंजीगत माल ऋण से विदेशी मुद्रा के लिए

आवेदन पत्र

परियोजना आंकड़ा

(1) आवेदक (फर्म)

(क) पंजीकृत कार्यालय (राज्य सहित पता)

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र या निजी क्षेत्र संस्थान

(ग) व्यापार साइन/उद्योग की शाखा

(घ) कंपनी के साझेदार

(ङ) विदेशी सहयोग समझौता

(2) वित्त पोषित किए जाने वाले पूंजीगत माल की किस्म

(3) पूंजीगत माल के चुनाव का आधार कृपया अपनाई गई अधिप्राप्ति क्रियाविधि का संकेत करें। चूंकि पूंजीगत माल ऋण जर्मनी संघीय गणराज्य से खरीद के लिए उपलब्ध है इसलिए इस संबंध में संकेत किया जाना चाहिए कि विभिन्न देशों में निविदा के संबंध में पूछताछ की गई/चालू की गई थी और वह आधार क्या है जिसके लिए विशेष संभरक का चुनाव किया गया है।

(4) संभरक (नाम और पता)

(5) संपूर्ण परियोजना का संक्षिप्त विवरण (जिसके लिए ऐसे पूंजीगत माल की आवश्यकता है)

(6) निम्नलिखित आंकड़ों के विश्लेषण के साथ संपूर्ण परियोजना की स्थानीय और विदेशी मुद्रा में कीमत :

भूमि एवं भवन

मशीनरी एवं उपस्कर

परिचालन निधि

विविध

(7) संपूर्ण परियोजना के लिए स्थानीय एवं विदेशी वित्तीय स्रोत, (वित्तदान) के साधनों से संबंधित मात्रित विवरण इस बात की पुष्टि कर लेनी चाहिए कि रुपया वित्तदान है और इस आवेदन पत्र के अंतर्गत न आने वाली विदेशी मुद्रा की आवश्यकताएं पूरी कर ली/प्राप्त कर ली गई हैं)।

(8) प्राप्त किए गए औद्योगिक लाइसेंस के लिए उद्देश्य पत्र।

(9) [illegible] पत्र एवं लाभ तथा हानि के लेखे के साथ दो वर्षों की वार्षिक रिपोर्ट। यदि उपलब्ध हो तो नवीनतम गति एवं लाभ का पूर्वानुमान।

(10) क्षमता

(क) गत दो वर्षों के दौरान वर्तमान क्षमता का औसत उपयोग

(ख) उपयोगाधीन मामले में कारण पृथक कारण दें।

(11) बिक्री (गत दो वर्षों)

(12) विनिर्मित किए जाने वाले उत्पादों की मांग की स्थिति (यदि संभव हो तो भूतकालीन एवं संभावी विकास के आंकड़ों को प्रदर्शित करें)।

(13) रोजगार

(क) कर्मचारियों की वर्तमान संख्या

(ख) परियोजना पूर्ण होने के बाद अतिरिक्त कर्मचारी

(14) कच्चे माल के संभरण स्रोत

(15) परियोजना के निष्पादन के लिए समय-सारणी

अनुबंध—2

प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए आवेदन पत्र

सेवा में,

सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
यू. सी. ओ. बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली।

(ई. ई. सी.-1 अनुभाग, आर्थिक कार्य विभाग, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली के माध्यम से)

विषय :—1986-87 (डी. एम. 35 मिलियन क्रेडिट) के लिए पश्चिम जर्मनी पूंजीगत माल क्रेडिट के अंतर्गत .... से .... का आयात।
....

महोदय,

ऊपर उल्लिखित पश्चिम जर्मनी पूंजीगत माल क्रेडिट के अंतर्गत ....से....................का आयात करने के संबंध में हम निम्नलिखित ब्यौरा आपको देते हैं ताकि आप ....के माध्यम से स्टेट बैंक आफ इंडिया, फ्रैंकफर्ट या बैयरिस्से वेरेंस ब्यूनिख अथवा कामंज बैंक ए. जी. फ्रैंकफर्ट अथवा ड्यूत्सेस बैंक ए. जी. हम्बर्ग अथवा ड्रेसे डेनर बैंक ए. जी. गालसेनलेज 7-8, 6-फ्रैंकफर्ट/मिन-1 या फ्रैंकफर्ट बैंक फ्रैंकफर्ट/एम. एन. मेन या वेरिस उर्ड वेस्ट बैंक, हमवर्ग अथवा बैंक फर जीमिस वर्तसचैफुट (बी. एफ. जी.) या बर्लिनर बैंक अक्टिनजैलेस चैफ्ट, ए. जी. बर्लिन अथवा यूरोपियन ऐसियन बैंक ए. जी., हमवर्ग के साथ पत्र खोलने के लिए प्राधिकार पत्र जारी कर सकें।

(क) आयातक का नाम और पता

(1) क्या सार्वजनिक क्षेत्र का है या निजी क्षेत्र संस्थान का है।

(2) उद्योग की श्रेणी जिससे वह संबंध रखता हो।

(3) वह राज्य जिसमें स्थित हैं।

(ख) *लाइसेंस की संख्या, दिनांक एवं मूल्य (लाइसेंस की फोटो प्रति संलग्न की जानी चाहिए)।*

(ग) भुगतान नियमों अर्थात (लागत बीमा भाड़ा या लागत भाड़ा) किसी भी मामलों में केवल जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के लिए प्राधिकार पत्र के लिए आवेदन नहीं किया जाना चाहिए) को दर्शाते हुए संभरक द्वारा दिए गए और स्वीकार किए आदेशों का विदेशी मुद्रा में मूल्य।

(घ) इस संबंध में एक प्रमाणपत्र के पक्के आदेश (संभरक के पुष्टिकरण आदेश के साथ) आयात लाइसेंस के जारी होने की तारीख से चार मास के भीतर दे दिए गए हैं। यदि 4 मास की निर्धारित अवधि के बाद आदेश दिए गए हैं तो जैसा भी मामला हो, मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात के पत्र/वित्त मंत्रालय के पत्र की एक ऐसी प्रति संलग्न की जानी चाहिए जिसमें आदेश देने के लिए समय वृद्धि के लिए प्राधिकार दिया गया है।

(ङ) इस संबंध में तीन प्रतियों में एक प्रमाण पत्र की समुद्रपार संभरकों से तुलनात्मक बोलियां प्राप्त करने के बाद पक्के आदेश दिए गए हैं। और यह कि न्यूनतम उपयुक्त तकनीकी दान स्वीकार कर लिए गए हैं। यदि तुलनात्मक बोली प्राप्त करना संभव नहीं है जैसे एकाधिकार मद, तो इसके लिए पूरे औचित्य दिए जाने चाहिए।

(च) आयात किए जाने वाले माल का संक्षिप्त विवरण।

(छ) संभरकों को देय वास्तविक विदेशी मुद्रा (डी. एम. मुद्रा में व्यक्त की जाए) जिसके लिए प्राधिकार पत्र अपेक्षित है) अभिकरण कमीशन को छोड़कर)।

(ज) विदेशी मुद्रा में अभीकरण में कमीशन की धनराशि और भारतीय अभिकर्ता का नाम और पता।

(झ) सुर्पुदगी पूर्ण करने की अनुमानित तिथि।

(ञ) संविदा के अंतर्गत भुगतान के लिए पड़ने वाली सम्भावित तिथि को प्रदर्शित करने वाली एक अनुसूचि।

(ट) 2 मिलियन डी एम के बराबर आयात लाइसेंस के मूल्य के मामले में यह बताते हुए एक प्रमाण-पत्र दिया जाना चाहिए कि आयात लाइसेंस के मद्दे सभी संविदाए पूरी कर दी गई हैं और आगे कोई भी संविदा नहीं की जाएगी जिसके द्वारा साख-पत्र खोला जाएगा।

(विदेशी मुद्रा देने के लिए प्राधिकृत भारतीय अनुसूचित बैंक का नाम और ....और ऊपर उल्लिखित बैंक द्वारा .... रु० के लिए दी गई बैंक गारंट सं. ....दिनांक ....और जो स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 31 के अनुसार स्टाम्प कलक्टर द्वारा विधिवत् व्यय - निर्मित की गई है, संलग्न है।

भवदीय,

(लाइसेंसधारी)

प्रति ....बैंक को सूचनार्थ प्रेषित।

अनुबंध - 3

गारन्टी बांड

भारत के राष्ट्रपति,

भारत के राष्ट्रपति के लिए (इसके बाद इसे सरकार कहा गया) पश्चिमी जर्मनी पूंजीगत क्रेडिट 1986-87 की शर्तों के अनुसार तथा उपर उल्लिखित करार के मद्दे आयातक के नाम में आयात के अनुसरण में दिनांक ....को जारी किया गया लाइसेंस सं. .... का पालन करते हुए ....के द्वारा (बाद में इसे "आयातक"

कहा गया है) ..... के आयात के लिए भुगतान के लिए राजी होते हुए (विदेशी मुद्रा में उपर्युक्त धनराशि का संकेत करें) आयात के अनुरोध पर हम आयातक द्वारा मनोनीत ..... (वेस्ट जर्मनी में वाणिज्यिक बैंक का नाम) ..... बैंक द्वारा भुगतान की गई धन-राशि को जमा करने के लिए परिवर्तन की चालू परिवर्तित दर पर जो इस संबंध में समय-समय पर सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार परिकलित किया जाता है और इसके साथ 1 प्रतिशत की विदेशी संभरक को किए भुगतान की तारीख तक सरकारी लेखे में क्रेडिट के लिए समतुल्य रु० के भुगतान की तारीख तक या के एफ डब्ल्यू द्वारा नामित बैंक को प्रतिभूति की तिथि तक इनमें जो भी पहले हों, प्रथम 30 दिनों के लिए 12 प्रतिशत वार्षिक दर से और इससे अधिक की अवधि के लिए 18 प्रतिशत वार्षिक दर के हिसाब से ब्याज के साथ भुगतान के परामर्श की पावती की प्राप्ति के दस दिनों के भीतर विधि के साथ भारत सरकार के क्रेडिट के लिए और उक्त क्रेडिट के अंतर्गत उपर्युक्त लेखा शीर्ष के लिए जैसा कि भारत सरकार द्वारा लेखा शीर्ष के महे संकेतिक है, व्यवस्था करने का भार लेते हैं। वेस्ट जर्मनी में नामित वाणिज्यिक बैंक द्वारा प्राप्त आयात प्रलेखों का परकाम्य सेट आयातक को केवल तभी लौटाया जाएगा जबकि ऊपर के अपेक्षित पूरे रुपए जमा कर लिए गए हैं।

2. हम ..... बैंक सरकार जहां और जैसा भी समय समय पर निदेश दे, आयातक द्वारा समयसमय पर सरकर को दी जाने वाली किसी भी प्रकार की धनराशि चाहे वह बकाया हो या भुगतान करने योग्य हो या उसका कोई भी अंश जो आयातक द्वारा थोड़े समय के लिए बकाया और देय रह गया है, जिसमें विदेशी संभरक को भुगतान करने की तिथि से इस पर प्रथम तीस दिनों के लिए 12 प्रतिशत वार्षिक दर और इससे अधिक अवधि के लिए 18 प्रतिशत वार्षिक दर के हिसाब से ब्याज भी शामिल है, ऐसी राशि को ..... रु. से अधिक नहीं है, आयातकों द्वारा भुगतान करने में देर रहेगी तो इसकी भी क्षति से सरकार को दूर रखेंगे और उसकी क्षति पूर्ति करेंगे। आयातक द्वारा उल्लिखित भुगतान करने में किसी प्रकार की देरी होने पर अथवा उसकी ओर से और सरकार को भुगतान किए जाने योग्य राशि के संबंध में जो राशि हमारे ..... बैंक द्वारा दी जानी है, उस संबंध में सरकार द्वारा लिया गया निर्णय हमारे उपर ..... अंतिम और अनिवार्य होगा।

3. हम ..... बैंक आगे इस बात पर सहमत है कि संविदा के अंतर्गत किसी मिली जुली दर में परिवर्तन होने पर आयात के मूल्य में वृद्धि होने से या अधूरे माल छुड़ाने की स्थिति में उसका मूल्य घट जाने की स्थिति में, जब से परिवर्तन हुआ है, उस परिवर्तन के अनुपात में बैंक गारंटी बांड की धनराशि को समायोजित कर लिया जाएगा।

4. हम ..... बैंक आगे इस बात पर सहमत है कि इस गारंटी में जो कुछ निहित है, वे उल्लिखित करार/संविदा के निष्पादन होने तक पूरी शक्ति और प्रभाव के साथ लागू होंगें और उसे तब तक कार्यान्वित रखा जाएगा तब तक सरकार के अंतर्गत या इस गारंटी में आने वाला सारा बकाया देय पूर्णरूपेण चुकता न कर दिया गया हो और उसकी मांगें पूरी न हो गई हों या उन्मूलन न हो गई हों।

